# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 30 अक्तूबर, 2023

## अभ्यास काज़िंद-2023

भारतीय सेना और [भारतीय वायु सेना]() की टुकड़ी **संयुक्त सैन्य '[अभ्यास काज़िंद]()-2023' के 7वें संस्करण** में भाग लेने हेतु **कज़ाखस्तान** के लिये रवाना हुई।

- इस सैन्य अभ्यास का आयोजन **30 अक्तूबर से 11 नवंबर, 2023 तक कतर, कज़ाखस्तान में किया जाएगा।**
- भारत और कज़ाखस्तान के बीच संयुक्त अभ्यास को **वर्ष 2016 में 'अभ्यास प्रबल दोस्तीक'** के रूप में शुरू किया गया था। दूसरे संस्करण के बाद अभ्यास को कंपनी-स्तरीय अभ्यास में अपग्रेड किया गया और इसका नाम बदलकर**'अभ्यास काज़िंद'** कर दिया गया। इस वर्ष **वायु सेना को शामिल करके अभ्यास को द्वि-सेवा अभ्यास** के रूप में अपग्रेड किया गया है।
    - अभ्यास के इस संस्करण में दोनों सैन्य पक्ष[ संयुक्त राष्ट्र]() के अधिदेश के अंतर्गत उप-औपचारिक वातावरण में आतंकवाद विरोधी अभियानों के संचालन का अभ्यास करेंगे।




**और पढ़ें...**[काज़िंद- 2022]()

## 2023 तुर्की-सीरिया भूकंप के कारण

????? जर्नल में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन फरवरी [2023 में तुर्की और सीरिया ]() में आए विनाशकारी भूकंपों पर प्रकाश डालता है। अभूतपूर्व पैमाने और विनाश के साथ आए इन भूकंपों ने **भूगर्भीय बलों** की जटिल परस्पर क्रिया पर गहनता से ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकताओं पर बल दिया है।

- पृथ्वी की पर्पटी **भूगर्भीय प्लेटों** में विभाजित है, जहाँ **टकराव, पृथक्करण अथवा फिसलन** जैसी अंतःक्रियाओं के कारण **भ्रंश (Fault) लाइन्स** बनती हैं।
    - 700 कि.मी. और 1,500 कि.मी. तक फैली **पूर्व और उत्तरी अनातोलियन भ्रंश लाइन्स** ने तुर्की भूकंप में मूल कारक की भूमिका निभाई।
- भूकंपों के दौरान, भूकंपीय कैस्केड (भूकंप के दौरान **भ-पर्पटी में टूटने अथवा गति की प्रतिक्रिया**) से फॉल्ट लाइन्स अव्यवस्थित हो गई थी। जिससे अनुमान से कहीं अधिक बड़ी क्षति हुई।
- ये निष्कर्ष भूकंपीय घटनाओं की अप्रत्याशित प्रकृति को रेखांकित करते हैं और **भूकंप-प्रवण क्षेत्रों में आपदा को रोकने** के लिये बिल्डिंग कोड

लागू करने में कमियों को उजागर करते हैं।




## एयरलाइंस द्वारा डार्क पैटर्न बिक्री - 'साइबर अपराध'

हाल ही में नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अपना ध्यान एयरलाइंस और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों के भीतर पहचानी जाने वाली विवादास्पद प्रथाओं की ओर निर्देशित किया है, इनकी पहचान "डार्क पैटर्न" के रूप में की गई है, जो **संभावित साइबर अपराध** संबंधी चिंताओं को बढ़ाता है।

- इससे **उपभोक्ता शिकायतों की बड़ी संख्या में वृद्धि** हुई है, जिससे सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा है। विशेष रूप से सरकार ने सीट चयन और अतिरिक्त शुल्क से संबंधित भ्रामक ऑनलाइन प्रथाओं को सुधारने के लिये प्रमुख वाहक **IndiGo** को बुलाया है।
- डार्क पैटर्न, वेबसाइटों या ऐप्स में उपयोग की जाने वाली जोड़-तोड़ वाली डिज़ाइन रणनीतियाँ हैं। इन्हें **उपयोगकर्त्ताओं को भ्रमित करने** या **ऐसे कार्य हेतु प्रेरित करने के लिये तैयार** किया गया है **जो शायद वे नहीं करना चाहते** हों।
  - इनमें **अप्रत्यक्ष शुल्क** तथा **भ्रामक लेआउट** शामिल हो सकते हैं, जिनका उद्देश्य उपयोगकर्त्ताओं को ऐसे कार्य करने के लिये मजबूर करना है जो कंपनी को लाभ पहुँचाते हैं, न कि उपयोगकर्त्ता को।

**और पढ़ें:** डार्क पैटर्न

## NPS हेतु PFRDA का अनिवार्य पेनी-ड्रॉप सत्यापन

पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) ग्राहकों के लिये अनिवार्य **'पेनी ड्रॉप'** सत्यापन शुरू किया है, जिससे निकासी के दौरान समय पर फंड ट्रांसफर सुनिश्चित हो सके।

- **पेनी ड्रॉप सत्यापन प्रक्रिया** में **सेंट्रल रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसियाँ (Central Recordkeeping Agencies- CRA)** बचत बैंक खाते की **सक्रिय स्थिति की पुष्टि करती** हैं और ग्राहकों के स्थायी **सेवानिवृत्ति खाता संख्या (Permanent Retirement Account Number- PRAN)** या जमा किये गए दस्तावेज़ों के साथ खाते में नाम को क्रॉस-रेफरेंस करती हैं।
- नाम मिलान वाले सत्यापन की सफलता **निकास/निकासी अनुरोधों को संसाधित करने** और ग्राहक बैंक खाते के विवरण को संशोधित करने के लिये महत्त्वपूर्ण है।
  - पेनी ड्रॉप सत्यापन में विफलता ऐसे किसी भी अनुरोध पर रोक लगाती है, जिससे CRA को सुधार के लिये नोडल कार्यालयों के साथ सहयोग करने हेतु प्रेरित किया जाता है।

**और पढ़ें:** राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-30-october,-2023